सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 67 | इंदौर, शुक्रवार 19 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Supreme Court: उमर खालिद की याचिका पर अब 22 सितंबर को होगी सुनवाई, दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को दी है चुनौती
2. Mumbai: iPhone 17 के चक्कर में जमकर हुई हाथापाई, बुलानी पड़ी पुलिस; बीकेसी के एपल स्टोर में भारी भीड़
3. CBI: अनिल अंबानी और राणा कपूर की बढ़ी मुश्किलें, सीबीआई ने दो मामलों में कोर्ट में दाखिल किया आरोपपत्र
4. गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा गुरुग्राम: MNR बिल्डर के कार्यालय पर चलीं 30 गोलियां, कार-इमारत को बनाया निशाना

## टीबी के जैसी लक्षण वाली मेलिओइडोसिस बीमारी को लेकर एमपी में अलर्ट, सीएम बोले-

# रोकथाम के करें उपाय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल स्थित एम्स के रिसर्च में सामने आई टीबी के जैसे लक्षण वाली खतरनाक बीमारी मेलिओइडोसिस को लेकर मध्य प्रदेश अलर्ट पर आ गया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रिसर्च पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के धान किसानों में होने वाली मेलिओइडोसिस की रोकथाम के निर्देश दिए हैं। सीएम ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और प्रमुख सचिव कृषि को संयुक्त रूप से किसानों की जांच, इलाज और बीमारी की रोकथाम के लिए काम करने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। यदि कोई किसान रोग से ग्रस्त पाया जाता है तो उसका सरकारी खर्च पर इलाज कराया जाएगा।

### 20 से अधिक जिलों में मिले मरीज

भोपाल एम्स की रिपोर्ट में 20 से अधिक जिलों में 130 मरीजों में मेलिओइडोसिस की पुष्टि हुई है। यह बैक्टीरिया संक्रमित मिट्टी और दूषित पानी में पाया जाता है। बीमारी के लक्षण बुखार, बार-बार बुखार आना, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द हैं। मधुमेह और अधिक शराब सेवन करने वाले मरीज अधिक प्रभावित होते हैं। एम्स के अनुसार यह रोग खतरनाक है, हर 10 में से 4 मरीज की मौत हो जाती है।



### मेलिओइडोसिस क्या है?

1. यह एक गंभीर जीवाणु संक्रमण है, जो अक्सर मिट्टी और गंदे पानी से फैलता है।
2. लक्षण साधारण बुखार, खांसी या फोड़े जैसे दिख सकते हैं, लेकिन यह शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।
3. समय पर पहचान और सही इलाज मिलने पर मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है।

### टीबी जैसे लक्षण

मेलियोइडोसिस एक गंभीर रोग है, जो बर्कहोल्डेरिया स्यूडोमैलीआई नामक बैक्टीरिया से होता है। यह बैक्टीरिया मिट्टी में पाया जाता है, खासकर धान के खेतों में। संक्रमित मिट्टी या पानी के संपर्क में आने से यह मनुष्यों में फैल सकता है। यह बीमारी कई अंगों को प्रभावित करती है और लक्षणों में अक्सर टीबी जैसी लगती है। यदि सही समय पर उपचार न मिले तो यह जानलेवा भी हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य से जुड़े लोगों को इसका अधिक खतरा होता है, लेकिन शहरी क्षेत्रों के लोग भी खासकर डायबिटीज से पीड़ित या लगातार शराब का सेवन करने वाले लोग, इससे प्रभावित हो सकते हैं।

# बायपास पर फिर लगा लंबा जाम पांच घंटे तक फंसे रहे वाहन

◆ क्रेन की मदद से यातायात खोला गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर बायपास पर अर्जुन बडौद गांव में गुरुवार सुबह फिर जाम लग गया। सड़क के दोनों तरफ दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी रही। पांच से छह घंटे तक ट्रक, बस, कार सहित अन्य वाहन फंसे रहे। बाद में अफसर मौके पर गए और जाम खुलवाया। जाम के कारण इंदौर



से भोपाल और ग्वालियर की तरफ जाने वाली यात्री बसें भी फंसी रहीं।

अर्जुन बडौद के समीप ब्रिज का निर्माण हो रहा है। बुधवार रात तेज बारिश के कारण वाहनों की गति धीमी हो गई थी। रात को ही कई बार जाम लगा, लेकिन खुलता भी रहा। सुबह एक ट्रक की कमानी टूट गई। उसके बाद इंदौर से भोपाल की तरफ जाने वाला ट्रैफिक प्रभावित होने लगा। धीरे-धीरे वाहनों की कतार बढ़ने लगी। निर्माण कंपनी के कर्मचारियों ने जाम खुलवाने की कोशिश की, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। बाद में कलेक्टर ने अफसरों के साथ टीम को भेजा। क्रेन से ट्रक को हटवाया और जाम खुलवाया। इसके साथ ही सड़क के गड्ढों में भराव भी करवाना शुरू किया। आपको बता दें कि एक माह पहले बायपास पर लगे जाम का मुद्दा भोपाल तक पहुंचा था। जाम के कारण दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। इंदौर- उज्जैन फोरलेन के निर्माण के कारण उज्जैन का ट्रैफिक भी देवास से होकर जा रहा है। इस कारण इंदौर देवास बायपास पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। जाम की वजह से यातायात व्यवस्था पूरी तरसे ठप रही। लोग बड़ी मुश्किल से इस जाम से निकल पाए। हालांकि, जाम की खबर मिलते ही जिला प्रशासन और यातायात पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया। जाम से निजात दिलाने के लिए प्रयास किया।

# सिंगापुर टाउनशिप के पास स्थित रेलवे अंडरपास में पानी भरा

## 25 से अधिक कॉलोनियों का संपर्क शहर से टूटा, एक लाख से ज़्यादा निवासी प्रभावित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार से हो रही लगातार बारिश इंदौर के निवासियों के लिए एक बार फिर आफत बनकर आई है। मांगलिया स्थित सिंगापुर टाउनशिप को शहर से जोड़ने वाला प्रमुख रेलवे अंडरपास आज सुबह पूरी तरह से जलमग्न हो गया, जिससे 25 से अधिक कॉलोनियों का संपर्क टूट गया और एक लाख से ज्यादा रहवासी फंस गए। हर साल की यह समस्या अब नासूर बन चुकी है, लेकिन रेलवे और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।**







मांगलिया और तलावली चांदा के पास बने इस अंडरपास के बंद हो जाने से सिंगापुर टाउनशिप, ब्रिटिश पार्क, सिंगापुर ग्रीन व्यू, ज्ञानशीला, सुपर सिटी और सिंगापुर एनएक्स जैसी 25 से ज्यादा कॉलोनियों के निवासियों की दिनचर्या ठप हो गई है। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और ऑफिस जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल बसों को अंडरपास के दूसरी ओर ही खड़ा कर देना पड़ा, जिसके बाद अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पैदल पार करनी पड़ी। अंडरपास बंद होने की स्थिति में लोगों को सैटेलाइट कॉलोनी की ओर से 3 किलोमीटर और मांगलिया की ओर से 7 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। यह कोई पहली बार नहीं है जब अंडरपास में पानी भरा हो। स्थानीय निवासी राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले 6-7 साल से हर बारिश में यही स्थिति बनती है। हल्की बारिश में ही अंडरपास 6 से 7 फीट तक पानी से भर जाता है और रास्ता दो-दो दिनों तक बंद रहता है। रहवासियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर विधायक, सांसद, मंत्री और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आश्वासनों के सिवा कुछ नहीं मिला। लोगों का कहना है, 'अंडरपास बंद होने पर हमारे पास कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता। या तो हम दफ्तर से छुट्टी लें या फिर जान हथेली पर रखकर रेलवे पटरी पार करें। बच्चों की स्कूल की छुट्टी तो करानी ही पड़ती है।' निवासियों के अनुसार, वर्षों की मांग के बाद रेलवे द्वारा बनाया गया यह अंडरपास काफी संकरा है, जिससे सामान्य दिनों में भी यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। बारिश के पानी के साथ-साथ अंडरपास की सड़क भी पूरी तरह खराब हो चुकी है और कीचड़ व बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए निकलना लगभग असंभव हो जाता है। इसी समस्या के चलते रहवासियों ने एक रेलवे ओवरब्रिज (ROB) बनाने की मांग को लेकर आंदोलन भी किया था, लेकिन यह प्रोजेक्ट अभी तक धरातल पर नहीं उतर सका। अब हर बारिश में यह जलभराव लोगों के लिए एक गंभीर संकट बन जाता है, खासकर किसी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों को पटरी पर से पैदल ले जाने की मजबूरी होती है।

# समूह सदस्य बनेगी बैंक सखियां



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सेवा सप्ताह अंतर्गत कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन के निर्देशन से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं ग्रामों में बैंकिंग में वित्तीय सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान केंद्र के माध्यम से कुल 27 समूह सदस्यों का 10 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण पूर्ण कराया गया। प्रशिक्षण उपरांत समूह सदस्यों द्वारा इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग एंड फाइनेंस की परीक्षा ई-दक्ष केंद्र में दिलाई गई, जिसे सभी प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक पास किया गया। बैंक सखी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उपरोक्त समूह सदस्य अब विभिन्न बैंकों के कियोस्क सेंटर संचालन करने हेतु पात्र हो गई है, जिससे उनके स्वयं की और परिवार की आजीविका में वृद्धि के साथ-साथ गांव में आसानी से बैंकिंग एवं वित्त संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्रीजी के लखपति दीदी अभियान व सेवा संकल्प अभियान के तहत उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण कराया गया, जिससे समूह सदस्य की आय में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामों में बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी।

# मैदान में मिला बुजुर्ग का शव

## शरीर पर हथियार के निशान मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चंदन नगर क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग का शव सड़क से कुछ दूरी पर एक मैदान में पड़ा मिला। शव के पास ही उनकी एक्टिवा गाड़ी खड़ी मिली है, लेकिन मोबाइल फोन गायब है। बुजुर्ग के शरीर पर धारदार हथियार के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी (जोन-4) दिषेश अग्रवाल के अनुसार, घटना डीपीएस स्कूल के पास की है। मृतक की पहचान रमेश पंवार निवासी परिवहन नगर के रूप में हुई है। वह शाम 6 बजे से अपने घर से बाहर गए थे। परिवार के उन्हें ढूंढ रहे थे। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो पास ही एक एक्टिवा वाहन खड़ा मिला। उनके पास मोबाइल फोन भी नहीं मिला। एडिशनल डीसीपी अग्रवाल ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव पर हथियार से हमले के निशान हैं, जिससे आशंका है कि हत्या की गई हो। पुलिस जांच कर रही है। रमेश बीएसएनल के रिटायर्ड कर्मचारी है। वह शुगर और बीपी पेशेंट थे। बुधवार को ही अस्पताल छुट्टी हुई थी। उनका एक बेटा अतुल पंवार दुबई में जॉब करता है। वहीं दूसरा बेटा आशीष इंदौर में ही गैरेज चलाता है।

# नशे की गोलियों के साथ पकड़ाई महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस ने एक सिकलीगर महिला को नशे की गोलियां बेचते हुए पकड़ा। आरोपी महिला मनदीप उर्फ दीप कौर पति रायसिंह, निवासी आकाश नगर गुरुद्वारे के पास, द्वारकापुरी कचरा प्लांट के पास से पकड़ी गई है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक महिला पुलिस की घेराबंदी के दौरान भागने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पकड़ ली गई। तलाशी में उसकी थैली से 17 से अधिक पत्ते बरामद हुए, जिनमें 350 से ज्यादा अल्प्राजोलम और प्रोक्जिमा प्लस कैप्सूल मिले। ये दवाएं नशे के लिए उपयोग होती हैं और इन पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह युवकों की डिमांड पर गोलियां बेचती थी। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसे यह प्रतिबंधित दवाएं कौन उपलब्ध कराता था। साथ ही, उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

## मोबाइल पर बात कर रहे ड्राइवर ने परिवार को कुचला

# इंदौर में दंपती और दो बेटों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर-उज्जैन रोड पर निजी ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवार दंपती और दो बच्चों को कुचल दिया। माता-पिता और एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बेटे ने अरविंदो अस्पताल के आईसीयू में दम तोड़ा। महू एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक, बस शुक्ला ब्रदर्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। यह बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला के ऑफिस से ऑपरेट होती है।



हादसे के बाद ड्राइवर और हेल्पर भाग निकले। मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए। बस के कांच फोड़ दिए और आग लगाने की कोशिश की। एडिशनल एसपी द्विवेदी ने बताया कि हादसा ओवर स्पीड के चलते हुआ है। बस ने बाइक को सामने की तरफ से टक्कर मारी है। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय एक तरफ का रोड ही चालू था। बाणगंगा टीआई सियाराम सिंह गुर्जर के अनुसार, घटना बुधवार देर रात धरमपुरी के समीप रिंगनोदिया गांव की है। बस नंबर एमपी09 एफए 6390 ने बाइक नंबर एमपी09 वीएफ 3495 को टक्कर मार दी। बाइक पर जा रहे महेंद्र सोलंकी, जयश्री सोलंकी और 15 वर्षीय जिगर सोलंकी की मौके पर ही मौत हो गई। 10 साल का तेजस सोलंकी गंभीर रूप से घायल हुआ था, गुरुवार सुबह उसकी भी मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि ड्राइवर मोबाइल पर बात करते हुए तेज रफ्तार से बस चला रहा था। यात्रियों ने ड्राइवर को स्पीड कम करने के लिए टोका भी था, लेकिन उसने स्पीड कम नहीं की। विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि बस खड़ी हुई थी, उसमें सवारी भी नहीं थी। बाइक उससे पीछे से आकर टकराई। रात को बारिश तेज हो रही थी, इस कारण संभव है कि बाइक सवार बस को देख नहीं पाए होंगे। महेंद्र सोलंकी के भांजे उमेश गौर ने पुलिस को बताया- मामा महेंद्र सिंह की मोटरसाइकिल आगे थी। मैं अपनी बाइक पर उनके पीछे चल रहा था। रिंगनोदिया के पास बस ने मामा की गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी। इससे वे सभी बाइक से नीचे गिर गए। हमने एम्बुलेंस से सभी को अरविंदो अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने मामा-मामी और जिगर को मृत घोषित कर दिया। तेजस को आईसीयू में भर्ती किया गया। इंदौर में तीन इमली इलाके में रहने वाले महेंद्र सोलंकी चाय की दुकान चलाते थे। वे बुधवार को परिवार समेत साईं विहार कॉलोनी में रहने वाले बड़े भाई बाबू सिंह सोलंकी से मिलने गए थे। बाबूसिंह भोपाल में थे। लौटने में देरी हो गई। उनसे मिलने के बाद महेंद्र और उनका परिवार अपने घर के लिए निकला। बाबूसिंह ने तेज बारिश का हवाला देते हुए महेंद्र को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन सुबह जिगर की परीक्षा होने से वे घर के लिए निकल पड़े। करीब एक घंटे बाद भी घर पहुंचने की खबर नहीं आई तो बाबूसिंह की बेटी ने कॉल लगाया। तब हादसे की जानकारी मिली।

# प्रोफेसर पर युवतियों की फोटो लेने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के तक्षशिला परिसर में स्थित रेस्टोरेंट में स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स के गेस्ट प्रोफेसर द्वारा युवतियों के फोटो लेने का मामला सामने आया। घटना के बाद युवाओं ने प्रोफेसर को पीटा और थाने ले गए। जहां पुलिस ने उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। भंवरकुआं टीआई राजकुमार यादव ने बताया कि घटना बुधवार की है। प्रोफेसर का नाम दिनेश पांचाल है। वह डीएवीवी में गेस्ट फैकल्टी हैं। घटना आईसीएच की है। प्रोफेसर वहां बैठे थे, युवतियों को शंका हुई कि वह उनकी फोटो ले रहे हैं। हालांकि उनके मोबाइल में कोई आपत्तिजनक फोटो नहीं मिली। बताया जा रहा है कि विरोध करने पर वहां कुछ युवा भी एकत्रित हो गए और प्रोफेसर के साथ मारपीट करते हुए उन्हें थाने गए। मामले में पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ 151 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। स्कूल ऑफ मैथेमेटिक्स के विभागाध्यक्ष प्रो. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आया है।

# शूर्पणखा के रूप में सोनम मुस्कान दहन होगा

## राजा रघुवंशी मर्डर केस समेत चर्चित हत्याकांड के पोस्टर लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयादशमी पर रावण दहन की परंपरा है, लेकिन इंदौर में इस बार परंपरा से हटकर रावण की बहन शूर्पणखा और उसकी सेना का भी दहन किया जाएगा। 2 अक्टूबर को दहन से पहले शूर्पणखा और उसकी सेना के पुतलों को ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में पूरे शहर में घुमाया जाएगा। इसके बाद दम्हा लक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड में दहन होगा। एक एंथम भी बनाया गया है।**

आयोजकों के मुताबिक शूर्पणखा की सेना में इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या करने वाली पत्नी सोनम के पोस्टर भी होंगे। इसके साथ ही अपने पतियों की कातिल या उसे मरने के लिए मजबूर करने वाली महिलाओं के पोस्टर भी होंगे। पीड़ित परिवारों को




आयोजन में शामिल होने का बुलावा भी भेजा गया है।

इस आयोजन में राजा रघुवंशी हत्याकांड के पीड़ित परिवार और रघुवंशी समाज के लोग भी शामिल होंगे। आयोजन का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम का आयोजन 'पौरुष' नाम की संस्था की ओर से किया जा रहा है, जो पुरुषों के अधिकारों और उनके हितों के लिए काम करती है।

### जानिए शूर्पणखा दहन के पीछे 'पौरुष' संस्था का तर्क

संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि युगों-युगों से महिलाओं के अपराधों और पापों का दंड पुरुषों को भुगतना पड़ा है। उनका कहना है कि आज भी चाहे महिला कितनी ही दोषी क्यों न हो, सामाजिक अपमान, तिरस्कार और कानूनी सजा का भार पुरुषों पर ही डाला जाता है। जैसे-

- त्रेता युगः शूर्पणखा ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को विवाह का अनैतिक प्रस्ताव दिया, जिससे क्रोधित होकर लक्ष्मण ने उसकी नाक काट दी। इसके दुष्परिणामस्वरूप राम-रावण युद्ध हुआ, जिसमें लाखों निर्दोष मारे गए।
- द्वापर युगः द्रौपदी ने दुर्योधन को 'अंधे का पुत्र अंधा' कहकर अपमानित किया, जिसके परिणामस्वरूप महाभारत युद्ध हुआ और लाखों पुरुष मारे गए।

दशोरा का आरोप है कि आज सभी महिला कानून नारियों के पक्ष में हैं। पढ़ी-लिखी महिलाएं झूठे केस करके अपने पतियों और ससुराल वालों को फंसा रही हैं, जिससे पुरुष आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

# युवती के आरोपों के बाद डांसिंग कॉप रंजीत लाइन अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के ट्रैफिक कांस्टेबल रंजीत सिंह को लाइन अटैच कर दिया गया है। रंजीत डांसिंग कॉप के नाम से देशभर में मशहूर हैं। सोशल मीडिया पर महिला को अमर्यादित संदेश भेजने के मामले में रंजीत पर यह कार्यवाही हुई है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है। यदि रंजीत पर लगे आरोप सही मिले तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।**



यह मामला तब शुरू हुआ जब राधिका सिंह नाम की युवती ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने आरोप लगाया है कि इंदौर के प्रसिद्ध ट्रैफिक सिपाही रंजीत सिंह ने उन्हें दोस्ती करने के लिए संदेश भेजे। युवती के अनुसार, रंजीत ने उन्हें इंदौर आने का न्योता दिया और यहां तक कि फ्लाइट का टिकट कराने और शहर के होटल में ठहरने की व्यवस्था करने की भी पेशकश की। राधिका ने कहा कि उन्हें रंजीत का यह व्यवहार अनुचित लगा और उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। राधिका का वीडियो आने के बाद ट्रैफिक हवलदार रंजीत सिंह ने भी एक वीडियो जारी किया। रंजीत ने वीडियो में सफाई दी और कहा कि यह बातचीत कई महीने पुरानी है और युवती अब मशहूर होने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। रंजीत ने दावा किया कि वास्तव में युवती ने ही उनके साथ वीडियो बनाने की इच्छा जाहिर की थी और इसके लिए इंदौर आने की बात कही थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि युवती ने अपनी तरफ से चैट के कुछ हिस्से डिलीट कर दिए हैं ताकि पूरी सच्चाई सामने न आ सके। रंजीत ने इसे अपने खिलाफ एक साजिश करार दिया है।

# दो भाई-बहन समेत 3 बच्चे गड्ढे में डूबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गड्ढे में नहाने उतरे तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चे खेलते-खेलते वहां पहुंचे थे। काफी देर तक होने पर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने तलाश की। ग्रामीण भी उन्हें ढूंढते हुए गड्ढे के पास पहुंचे। यहां उनके कपड़े पड़े देखे।**

घटना खुड़ैल के बढ़िया कामा इलाके की है। ग्रामीणों ने गड्ढे में उतरकर दो बच्चों को बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 2 घंटे बाद तीसरे बच्चे को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान विपिन पिता हेमंत अहिरवार, प्रियांश और गुनगुन पिता कप्तान अहिरवार के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक घटना बढ़िया कीमा इलाके की है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही यहां तालाब का निर्माण कराया गया था। राहुल नाम के व्यक्ति ने कुछ दिन पहले पानी के लिए गड्ढा खुदवाया था। बुधवार को हुई बारिश से इसमें पानी भर गया था।



विपिन प्रियांशु गुनगुन

# 8 साल का बच्चा नाले में बहा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ओमेक्स सिटी के पास एक नाले में बुधवार रात एक 8 साल का बच्चा तेज पानी के बहाव में बह गया और काफी तलाश के बाद गुरुवार सुबह उसका शव बरामद किया गया।**

घटना मायाखेड़ी क्षेत्र की है। यहां रहने वाला 8 वर्षीय राजवीर मालवीय नाले के पास अपने पिता राजपाल मालवीय के साथ मौजूद था। राजपाल पेशे से सिक्योरिटी गार्ड हैं। बुधवार शाम वे अपने बेटे को घर के पास एक ओटले पर रोककर थोड़ी दूरी पर वाहन खड़ा करने गए थे। जब लगभग 10 मिनट बाद लौटे, तो राजवीर वहां नहीं था। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लसूड़िया पुलिस और एसडीआरएफ (SDRF) की टीम देर रात मौके पर पहुंचीं, लेकिन तेज बारिश और बहाव के कारण रात में सर्च ऑपरेशन शुरू नहीं किया जा सका। पानी का बहाव इतना तेज था कि टीम के अंदर उतरने में खतरा था। गुरुवार तड़के सुबह 5 बजे एक बार फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। बहाव कम होने के कारण टीम ने रस्सियों की मदद से सर्चिंग की, जिसके बाद करीब 9 बजे राजवीर का शव घटनास्थल से लगभग 100 मीटर दूर पुल के नीचे फंसा हुआ मिला। यह पुल मुक्तिधाम के पास बना हुआ है। एसडीआरएफ की टीम को शव निकालने में करीब चार घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार, संभवतः पैर फिसलने के कारण राजवीर बहाव में बह गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना के बाद स्थानीय लोग नाले के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने पर प्रशासन की लापरवाही को लेकर नाराजगी भी जता रहे हैं।



# घर में लगाई फांसी देर रात पिता ने किचन में देखा शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर क्षेत्र में देर रात एक युवक ने अपने घर के किचन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार-गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे की है। युवक के पिता जब पानी पीने के लिए किचन में पहुंचे, तो उन्होंने बेटे का शव फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद उन्होंने बेटी और पत्नी को उठाया और पुलिस को सूचना दी।



तिलक नगर पुलिस के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 140 की है। यहां रहने वाले बाबू (20) पुत्र पम्मू बौरासी ने घर के किचन में फांसी लगा ली। बाबू के पिता ने बताया कि बेटा रात करीब 1 बजे दोस्तों से मिलकर घर लौटकर आया था। उस समय वे सो रहे थे। बड़ी बेटी ने दरवाजा खोला और बाबू अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब पिता डेढ़ बजे पानी पीने के लिए उठे तो बाबू हॉल में नहीं था। किचन में देखने पर पता चला कि उसने फांसी लगा ली है। पिता ने बताया कि बाबू न तो किसी प्रेम प्रसंग में था और न ही उस पर किसी तरह का कर्ज था। करीब छह महीने पहले उसने मोबाइल फोन तोड़ दिया था और उसके बाद से मोबाइल का इस्तेमाल भी नहीं करता था। हालांकि, वह गुस्से में काफी रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है और बाबू के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

# कुत्ते को डंडा से पीट-पीटकर बेहोश किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** समाजवादी इंद्रा नगर में एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते को डंडे से पीटना का मामला सामने आया है। घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामला सामने आने के बाद संस्था पीपल फॉर एनिमल (PFA) की संचालिका ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ छत्रीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक PFA की संचालिका प्रियांशु जैन ने गोलू पंवार के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण



अधिनियम 1960 की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। प्रियांशु ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर को उन्हें एक वीडियो मिला, जिसमें गोलू पंवार एक काले-भूरे रंग के कुत्ते को डंडे से पीटता दिख रहा था, जिससे कुत्ता घायल हो गया और बेहोश भी। कुत्ते को डंडे से पीटने के बाद वहां कुछ रहवासी भी एकत्रित हो गए और गोलू पंवार का विरोध करने लगे। इस दौरान उनके बीच कहासुनी भी हुई। काफी देर तक यहां गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। डंडा मारने वाले व्यक्ति का विरोध करने के बाद एक युवती ने कुत्ते को पानी डालकर उठाया है। वह एक घर से पानी भरकर लाती है और कुत्ते पर पानी डालती है। इसके बाद कुत्ता होश में आया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर एक आदर्श फिल्म है 'चलो जीते हैं' : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में फिल्म का प्रदर्शन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाल्यकाल की परिस्थितियों पर एक आदर्श फिल्म है, जो अतीत से वर्तमान में लाकर छोड़ती है। आधे घंटे की अवधि में फिल्म कथा सार को समेटना एक अद्भुत प्रयोग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सिनेपोलिस बंसल प्लाजा, भोपाल में 'चलो जीते हैं' फिल्म का शो देखने के बाद मीडिया से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुक्त कंठ ने फिल्म की सराहना की। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस तथा बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की जन्म वर्षगांठ के अवसर पर 18 से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में फिल्म 'चलो जीते हैं' का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के बाल्यकाल और जीवन पर केंद्रित फिल्म के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत संगठन द्वारा प्रदेश भर में प्रदर्शन की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म देखने के बाद कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 17 सितंबर को मध्यप्रदेश के जनजाति बहुल धार जिले में अपना 75वां जन्मदिवस मनाया। राष्ट्र नायक श्री मोदी का गौरव पक्ष और शालीन पक्ष इस फिल्म में देखने को मिलता है। 'चलो जीते हैं' फिल्म में श्री मोदी ने ध्येय वाक्य 'चलो जीते हैं' को लेकर कठिनाइयों के बीच जीते हुए अपने जन्म और जीवन को सिद्ध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोयले की खदान से हीरा निकले तो खदान धन्य हो जाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने जीवन में अन्य परेशानियां झेलते हुए अपने



साथी विद्यार्थी को भी सहारा दिया। वे किस तरह युक्ति निकालते हैं, आज यह दुनिया के सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घायु और शतायु होने की कामना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है। वर्ष 2019 तक वे और भी शक्तिशाली बनकर पूरे विश्व को संदेश देंगे। भारत विश्व में सिरमौर बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज के समय में नई तकनीक और बड़े खर्चे से फिल्में बनती हैं, लेकिन इस शॉर्ट फिल्म में सीमित साधनों के उपयोग से अल्प अवधि में बिना मध्यांतर की फिल्म बनाकर फिल्म का मूल कथा पक्ष दृढ़ इच्छा शक्ति का फिल्मांकन बखूबी किया गया है। इस नाते फिल्म निर्माण में यह नया प्रयोग भी है। फिल्म अतीत का वर्तमान से तादात्म्य मिलाकर मोदी जी के पूरे जीवन पर प्रकाश डालती है। इसके लिए फिल्म निर्माता बधाई के पात्र हैं। इस शॉर्ट फिल्म को सभी नागरिकों को देखना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि 'चलो जीते हैं' वर्ष 2018 में बनी एक शॉर्ट फिल्म है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से प्रेरित है। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार्स वाली कमर्शियल मूवी नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक लघु फिल्म है। फिल्म के निर्देशक महावीर जैन, निर्माता भूषण कुमार, महावीर जैन हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे बालक की है जो अपने जीवन में 'दूसरों की सेवा' और 'देशभक्ति' को सबसे बड़ा धर्म मानता है। फिल्म में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से जुड़े आदर्श और संस्कारों को दर्शाया गया है। फिल्म 'चलो जीते हैं' में बड़े स्टार कलाकार नहीं हैं बल्कि ज्यादातर नए कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में बालक नरेन्द्र (नन्हें मोदी) की मुख्य भूमिका में समर्थ शुक्ला, नरेन्द्र के मित्र के रूप में राहुल पटेल, बाल कलाकार आरोही राय और आदित्य शामिल हैं। यह फिल्म मुख्यतः बाल नरेन्द्र मोदी के विचारों और समाजसेवा की सोच पर केंद्रित है, इसलिए इसमें स्टार कॉस्ट से ज्यादा संदेश और प्रेरणा पर जोर दिया गया है। फिल्म 6 वर्ष बाद रिलीज हुई है।

# इंदौर और उज्जैन समेत कई जिलों में बारिश शिप्रा किनारे के मंदिरों में पानी घुसा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में गुरुवार को हल्की बारिश का दौर जारी रहा। छतरपुर के खजुराहो में 1 इंच से ज्यादा बारिश हो गई, जबकि ग्वालियर में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। भोपाल, जबलपुर, दतिया, इंदौर, श्योपुर, उज्जैन, मंडला, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया और बालाघाट में भी हल्की बारिश हुई। राजगढ़ और श्योपुर में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की विदाई के दौरान भी पूरे प्रदेश में तेज बारिश का एक और दौर शुरू हो सकता है। हालांकि, 4 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट नहीं है।**

भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है। इस मानसूनी सीजन में औसत 42.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य कोटे से 7 इंच ज्यादा है। इससे पहले भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर और नर्मदापुरम समेत 25 जिलों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। भोपाल में कुछ सड़कों पर जाम लग गया। इंदौर में एक 8 साल के बच्चे की नाले में बहने से मौत हो गई। उज्जैन में शिप्रा में बाढ़ से रामघाट के मंदिरों में पानी घुस गया। बैतूल के मुलताई में लोगों के घरों में पानी भर गया। सिवनी में संजय सरोवर बांध के 4 गेट खोल दिए गए। पांढुर्णा में बारिश की वजह से जाम नदी में बाढ़ आ गई।

# 8 राज्यों के इंजीनियरों ने समझी खूबियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर परियोजना का कुशलतापूर्वक संचालन कर विभिन्न बिजली वितरण कंपनियों के साथ नालेज शेयरिंग कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पावर फायनेंस कार्पोरेशन, आईआईएम इंदौर की ओर से देशभर के 8 राज्यों की 11 बिजली कंपनियों के 14 इंजीनियर्स ने गुरुवार को पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर मास्टर कंट्रोल सेंटर का दौरा किया और स्मार्ट मीटरिंग की खूबियां देखी। दल में आंध्रप्रदेश, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, जम्मू कश्मीर से डी सुब्बा राव, एसएचके आदिशेशलाह, एसके राममोहन राव, टी वांजा, एस महेंद्रनाथ, एसएच सुरजीत गनीलाला, सुश्री संगीता एस., सुश्री जास्मिन बानू, श्री उत्तम कुमार जान, कल्पना पाटिल, कृष्णा स्वरूप, सुखविंदर सिंह, एसएच रिजवान अहमद शामिल थे। राज्यों के दल को इंदौर के स्मार्ट मीटर के आठ वर्ष के कार्यों की जानकारी दी गई। प्रश्नों के समाधान-कारण उत्तर दिए गए और मीटर लैब की विजिट कराई गई। स्मार्ट मीटर से डिस्केक्शन, रिकनेक्शन की प्रक्रियां समझाई गई। दल के सदस्यों ने इंदौर में हुए कार्यों व उपलब्ध जानकारी की सराहना की और अपने राज्यों, कंपनी के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# एडवोकेट पर महिला ने करवाई झूठी एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सीनियर एडवोकेट पर 2 साल की बच्ची के साथ की गई रेप के शिकायत को झूठा पाया है। कोर्ट ने एडवोकेट के खिलाफ थाने में शिकायत करने वाली महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जिस महिला ने एक सीनियर एडवोकेट पर पास्को और रेप की एफआईआर करवाई है, इससे पहले भी ब्लैकमेल की नीयत से कई झूठी रिपोर्ट दूसरों के खिलाफ दर्ज करवा चुकी है। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को भी निरस्त कर दिया है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रीवा एसपी को निर्देश दिए हैं, कि फर्जी शिकायत करने वाली महिला के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 22(1) व बीएनएस की धारा 240 व 248 के तहत कार्रवाई की जाए।

# मजदूर महिला की किस्मत चमकी, 8 हीरे मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** एक मजदूर महिला की किस्मत बदल गई। उसे एक हफ्ते के अंदर अपनी खदान से कीमती 8 हीरे मिले हैं। महिला का नाम रचना गोलदार है। वह बड़गड़ी गांव की रहने वाली है। रचना ने हीरा कार्यालय से पट्टा लेकर हजारा मुद्दा क्षेत्र में खदान लगाई थी। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि इन 8 हीरों में से 6 जेम्स क्वॉलिटी के हैं, जिनका कुल वजन 2.53 कैरेट है। इनमें सबसे बड़े



हीरे का वजन 0.79 कैरेट है। इसके अलावा 2 हीरे ऑफ-कलर के हैं। रचना गोलदार ने सभी हीरों को हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। इन्हें आगामी नीलामी में रखा जाएगा। इस साल में पहली बार एक साथ 8 हीरे जमा हुए हैं। इसके पहले भी 7 हीरे एक साथ जमा हुए थे। हीरा पारखी अनुपम सिंह के अनुसार, इन सभी हीरों की अनुमानित कीमत करीब 4 से 5 लाख रुपए है। नीलामी के बाद साढ़े 12 प्रतिशत रॉयल्टी काट कर बाकी पैसे महिला के खाते में डाल दिए जाएंगे। रचना गोलदार के कुल 3 बच्चे हैं। इनमें एक लड़की और 2 लड़के हैं। दोनों लड़के बाहर प्राइवेट जॉब करते हैं। लड़की की शादी हो गई है। पति भी हीरा खदान का ही काम करते हैं। महिला ने बताया कि हीरे की नीलामी से मिलने वाले पैसों से वह अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारेगी। आगे भी हीरे की खदान लगाएगी।

# मालेगांव बम ब्लास्ट केस की फिर होगी सुनवाई


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** साल 2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट के फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। एनआईए कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया था। इसको लेकर धमाके से प्रभावित परिवारों की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सभी सातों आरोपियों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंकलद की बेंच ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 6 सप्ताह बाद तय की है।

## संपादकीय

# भारतीय सेना अब अपग्रेडेड हेरॉन मार्क 2 ड्रोन खरीद रही

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में हेरॉन ड्रोन की मदद से पाकिस्तान के लाहौर रडार सिस्टम को बर्बाद कर दिया था। इस ऑपरेशन में सफल इस्तेमाल के बाद भारतीय सेना अब और हेरॉन ड्रोन खरीदने वाली है। सेना इन ड्रोन को हवा से मार करने वाली स्पाइक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों से लैस करने की योजना बना रही है। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना पहले से ही अपने बेस से हेरॉन ड्रोन का एक बड़ा बेड़ा ऑपरेट करते हैं। खुफिया एजेंसियां भी विशेष अभियानों के लिए हेरॉन का इस्तेमाल करती हैं। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेनाएं अतिरिक्त हेरॉन ड्रोन खरीदने के लिए नए ऑर्डर दे रही हैं। इन ड्रोन का इस्तेमाल मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान खुफिया जानकारी, निगरानी और मिशन के लिए किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इन ड्रोन को हथियारबंद करने के प्रयास जारी हैं। सशस्त्र बलों की एक विंग हेरॉन को स्पाइक-NLOS (नॉन-लाइन-ऑफ-साइट) एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों से लैस करने पर काम कर रही है। इससे उन्हें भविष्य के संघर्षों के दौरान दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने की क्षमता मिलेगी। हेरॉन ड्रोन का उपयोग मुख्य रुप से चीन और पाकिस्तान दोनों सीमाओं पर लंबी दूरी की निगरानी के लिए किया जाता है। अभी तक ये ड्रोन काफी प्रभावी साबित हुए हैं। इसके साथ ही, भारतीय वायु सेना और रक्षा मंत्रालय कई सालों से हेरॉन बेड़ों की निगरानी और युद्ध क्षमताओं को उन्नत करने के लिए प्रोजेक्ट चीता पर काम कर रहे हैं। भारत हाल के वर्षों में अपग्रेडेड हेरॉन मार्क 2 ड्रोन भी खरीद रहा है। इन उन्नत UAVs में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम लगे हैं। इससे वे लंबी दूरी तक ज्यादा समय तक उड़ान भर सकते हैं।




*आप अपने मन को चमत्कार बनाते हैं या उससे दुख पैदा करते हैं, यह केवल इस बात पर निर्भर करता है कि आप स्वयं को कितने सचेतन रूप से संचालित करते हैं।*

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# 1 रुपये में स्वाद और सेवा, तमिलनाडु की 'इडली अम्मा' की कहानी आपको रुला देगी!

इडली अम्मा कमलाथल की कहानी सिर्फ इडली बेचने की नहीं, बल्कि समाज को अपनापन और आत्मीयता देने की कहानी है। उन्होंने ये साबित किया कि बिना ब्रांड, बिना शोहरत और बिना लालच के भी कोई दिल जीत सकता है।



तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले की एक 89 वर्षीय बुजुर्ग महिला कमलाथल को लोग प्यार से इडली अम्मा कहते हैं। इडली अम्मा ने अपने जीवन के पिछले तीन दशक समाज की सेवा में समर्पित कर दिए हैं। उनका लक्ष्य कभी पैसा कमाना नहीं रहा, बल्कि भूखे को सस्ता और पौष्टिक भोजन देना रहा है। जहां आज एक इडली की कीमत 10-20 रुपये हो चुकी है, वहीं कमलाथल आज भी सिर्फ एक रुपये में इडली बेचती हैं और वो भी ताजी, गरमा-गरम और चटनी के साथ। इडली अम्मा कमलाथल की कहानी सिर्फ इडली बेचने की नहीं, बल्कि समाज को अपनापन और आत्मीयता देने की कहानी है। उन्होंने ये साबित किया कि बिना ब्रांड, बिना शोहरत और बिना लालच के भी कोई दिल जीत सकता है।

### ◆ सिर्फ 1 रुपये में इडली, 30 वर्षों से

कमलाथल का जीवन पैसा कमाने की होड़ से कोसों दूर है। वाडी वेलमपलायम गांव की इस महिला का मिशन है, गरीब मजदूरों को सस्ती, सेहतमंद और स्वादिष्ट इडली देना। वह हर सुबह 5 बजे उठकर खुद खाना बनाती हैं और 6 बजे से दुकान खोल देती हैं।

### ◆ बिना ब्रांड, बिना सोशल मीडिया

कमलाथल के पास न कोई सोशल मीडिया है, न प्रचार का जरिया। फिर भी उनकी सादगी और सेवा भावना ने पूरे देश को उनका फैन बना दिया है। बोलुवमपट्टी, पूलुवमपट्टी और मथीपलायम जैसे गांवों से लोग रोज उनकी दुकान पर आते हैं।

### ◆ लकड़ी से गैस तक का सफर

कई वर्षों तक उन्होंने लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाया। लेकिन जब आनंद महिंद्रा ने उनकी कहानी देखी तो उन्होंने LPG गैस, किचन सेट और बाद में नया घर तक गिफ्ट किया। भारत पेट्रोलियम ने ग्राइंडर और कनेक्शन देकर उनका काम आसान बनाया।

### ◆ कोरोना में भी रुकी नहीं सेवा

कोविड जैसे संकट में भी जब कई दुकानें बंद थीं, तब भी इडली अम्मा रोज गरीबों के लिए इडली बनाती रहीं। उनकी दुकान जरूरतमंदों के लिए भोजनालय बन गई थी। कमलाथल बताती हैं कि "मुनाफे के लिए नहीं, मन की संतुष्टि के लिए काम करो।" उनकी कहानी आज की पीढ़ी को यह सिखाती है कि नाम कमाने के लिए बड़ी कंपनी नहीं, बड़ा दिल होना चाहिए।

Jammu & Kashmir

# माता वैष्णो देवी यात्रा फिर बहाल... पंजीकरण शुरू, कटरा में उमड़े श्रद्धालुओं में उत्साह



**कटड़ा, (एजेंसी) खराब मौसम के कारण कुछ समय के लिए स्थगित माता वैष्णो देवी यात्रा बृहस्पतिवार को फिर बहाल कर दी गई और इसके लिए पंजीकरण भी शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार के साथ कल सुबह यात्रा फिर से शुरू हो गई और यह सुचारू रूप से चल रही है।**

इससे पहले, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण यह तीर्थयात्रा 22 दिन तक स्थगित रही थी और इसे बुधवार को बहाल किया गया। हालांकि, खराब मौसम के कारण बुधवार शाम को इसे फिर रोक दिया गया था।

श्राइन बोर्ड ने घोषणा की है कि हेली सेवा का उपयोग करने के इच्छुक तीर्थयात्रियों को हेलीकॉप्टर के लिए टिकट बुक करने के लिए कहा गया है। माता वैष्णोदेवी मंदिर के आधार शिविर कटरा में उमड़े श्रद्धालुओं ने तीर्थ यात्रा फिर शुरू होने पर खुशी जताई है।

Uttarpradesh

## बीमार हुई SSP की मां, डॉक्टर को इमरजेंसी से उठा ले गई पुलिस

**इटावा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में जनपद इटावा के शहर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर और फार्मासिस्ट के साथ जो हुआ वह उन्होंने कभी नहीं सोचा था. उच्च पद के रसूख के बल पर उनके साथ कुछ लोगों ने अपराधी जैसा व्यवहार करते हुए उन्हें गाड़ी में डाला और लेकर चल दिए. आरोप है कि बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) की मां के बीमार होने पर संबंधित थाने की पुलिस के सिपाही और दरोगा डॉ भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे. यहां उन्होंने इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर राहुल बाबू के साथ अभद्रता की. इसके बाद वे उनको और एक फार्मासिस्ट को जबरन गाड़ी में डालकर ले गए. डॉक्टर के साथ इस तरह की बदतमीजी होने पर सभी मेडिकल स्टाफ और डॉक्टर्स ने हड़ताल कर दी है. मेडिकल सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो गई हैं.जिस पर सभी मेडिकल के स्टाफ में मांग रखी है कि यह एक तरह की गुंडागर्दी और गलत तरीके का व्यवहार है इस पर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो उसके बाद ही वह काम करेंगे. वहीं प्रताड़ित हुए डॉ राहुल बाबू ने बताया कि कल रात में तीन पुलिस वाले आए और उन्होंने कहा कि एसएसपी की मां को देखना है. हम लोग व्यवस्था कर रहे थे, तब तक पुलिस वाले अभद्रता करने लगे. वे हम लोगों को घसीटकर जबरन ले गए. सिविल लाइन थाने में पुलिसकर्मियों ने मेरा मोबाइल छीना और फिर उसके बाद जबरदस्ती ले गए. और वह हम लोगों से कह रहे थे क्या आप एसएसपी साहब से बड़े हो गए हैं, या हम लोगों से बड़े हो गए हैं. चार पुलिस लोग थे, इसमें एक दरोगा भी थे. जबकि हम लोग बार-बार कह रहे थे कि किसी स्टाफ को भेज रहे हैं, इमरजेंसी से नहीं जा सकते हैं लेकिन वे फिर भी नहीं माने. हम लोग इंसाफ चाहते हैं ताकि आगे किसी के साथ अभद्रता न हो.

New Delhi

## सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें।**

कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा, जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपती चाहें तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं।

Rajasthan

## 33 हजार लोगों से 22 करोड़ ठगने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**दौसा, (एजेंसी)** 33 हजार लोगों को झांसे में लेकर 22 करोड़ की ठगी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। मामले में 4 आरोपी अब भी फरार है। 6 लोगों ने मिलकर 15 साल पहले चिटफंड कंपनियां बनाई और प्लॉट काटे थे। इसमें अलग-अलग राज्यों से लोगों को प्लॉट देने के बहाने ठगा और भाग निकले। आरोपियों ने कंपनी में काम कर रहे लोगों को कार-बाइक देने का वादा कर ज्यादा से ज्यादा लोग जोड़ने का झांसा दिया। अकेले दौसा में 7 हजार लोगों से 8 करोड़ ठगे थे। पुलिस 15 साल तक राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में स्थानीय दुकानदारों से पूछताछ करती रही। दोनों नाम बदलकर किराए के मकान में फरारी काटते रहे। दोनों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है।



दोनों दिल्ली के शकूरपुरा में मोबाइल शॉप चला रहे थे। दौसा DSP रवि प्रकाश शर्मा ने बताया- 22 करोड़ की ठगी के मामले में 15 साल से फरार रहे वांटेड 20 हजार रुपए के ईनामी आरोपी पति-पत्नी श्रीराम सैनी व नीना देवी निवासी बग्गड रोड झुंझुनूं की गिरफ्तारी किया है। दोनों को दिल्ली से पकड़ कर लाए हैं।

खेल

# श्रीलंका एशिया कप के सुपर-4 में पहुंचा, अफगानिस्तान बाहर

### कुसल मेंडिस ने फिफ्टी लगाई, थुषारा को 4 विकेट

**नई दिल्ली। श्रीलंका ने एशिया कप 2025 के सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को श्रीलंकाई टीम ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। श्रीलंका की इस जीत के साथ बांग्लादेश भी अगले दौर में पहुंच गई। जबकि अफगानिस्तान बाहर हो गई।**

अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में श्रीलंका ने 170 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। कुसल मेंडिस ने 52 बॉल पर नाबाद 74 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान का कोई भी गेंदबाज एक से ज्यादा विकेट नहीं ले सका। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 169 रन बनाए।



मोहम्मद नबी ने 22 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। उन्होंने दुनिथ वेल्लालागे के ओवर में 5 छक्के लगाए। कप्तान राशिद खान और इब्राहिम जादरान ने 24-24 रन जोड़े। टीम ने 114 रन पर 6 विकेट गंवा दिए हैं। श्रीलंका से नुवान थुषारा ने 4 विकेट झटके। मैच का स्कोरबोर्ड

**नबी ने विल्लालागे के ओवर में 5 छक्के लगाए-** अफगानी पारी के आखिरी ओवर में मोहम्मद नबी ने दुनिथ विल्लालागे की बॉल पर 5 छक्के लगाए। इनमें शुरुआती 3 बॉल पर लगातार 3 छक्के शामिल रहे। एक नो बॉल के बाद दो छक्के और लगे। मोहम्मद नबी ने 22 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। इस पारी में 3 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

सिनेमा

## किसान का दर्द, अक्षय-अरशद का 'जॉली' गुड फैक्टर, भावनाओं से भरपूर है फिल्म



डायरेक्टर सुभाष कपूर की जॉली एलएलबी फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त 'जॉली एलएलबी 3' रिलीज हो चुकी है. इस तीसरी फिल्म में दो जॉली की भिड़ंत दिखाई गई है. असली जॉली कौन है और नकली जॉली कौन है, ये पता चलेगा आपको फिल्म देखने पर, लेकिन हमारे रिव्यू में हम आपको बताएंगे कि ये भिड़ंत देखने लायक है कि नहीं. फिल्म की कहानी की शुरुआत होती है अक्षय और अरशद के टकराव से. पहले जॉली यानी जगदीश त्यागी, जो मेरठ की गलियों से निकलकर दिल्ली की अदालत तक पहुंच गए हैं, लेकिन आज भी स्कूटर में सिर्फ 50 रुपये का ही पेट्रोल भरवाते हैं. वहीं दूसरे जॉली यानी जगदीश्वर मिश्रा, जो कानपुर से निकलकर अब दिल्ली की कोर्ट में अपना चेंबर बना चुके हैं, मगर कंजूसी की आदत उनकी अभी तक गई नहीं है. यही वजह है कि वो पहले जॉली के मामलों को हड़पने में लगे रहते हैं. लेकिन इन दोनों के बीच तालमेल तब बैठता है, जब उनकी अंतरात्मा जागती है. और इस अंतरात्मा को जगाने का काम करती हैं जानकी देवी, यानी सीमा बिस्वास. जानकी एक किसान की पत्नी हैं, जिनकी जमीन को बिजनेसमैन हरीभाई खेतान (गजराज राव) ने धोखे से हड़प ली है. जानकी के पति और बहू ने तंग आकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद वो इंसाफ की उम्मीद लेकर जॉली के पास पहुंचती हैं. अब कौन-सा जॉली किस तरह से उनकी मदद करता है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा.

## Highlights

1. Rahul's hydrogen bomb claim like clouds that don't rain: BJP MP
2. Rahul Gandhi wants to create Nepal-like situation in India: BJP on 'vote chori' allegations
3. Rahul talks of a bomb, but it turns out to be a dud: BJP's Prasad
4. Somebody's head has to roll: HC over row on 90° bridge in Bhopal
5. Deletion of votes can't be done online by public: ECI on Rahul Gandhi's allegations
6. PM Modi speaks to Nepal PM, reaffirms support for peace efforts
7. Bihar CM announces ₹1,000 a month for unemployed graduates

# 'Transparency and integrity define us,' Gautam Adani says after SEBI order in Adani-Hindenburg case



**NEW DEIHI, (Agency).** "Transparency and integrity have always defined Adani Group," Gautam Adani said on Thursday, after SEBI cleared his ports-to-mining conglomerate of some allegations of impropriety raised by Hindenburg Research.

"SEBI has reaffirmed what we have always maintained, that the Hindenburg claims were baseless," India's second-richest person posted on X, formerly Twitter, with a photo of the Indian flag. "Transparency and integrity have always defined Adani Group." "We deeply feel the pain of the investors who lost money because of this fraudulent and motivated report," he went on to say. "Those who spread false narratives owe the nation an apology." "Our commitment to India's institutions, to India's people and to nation-building remains unwavering. Satyamev Jayate! JAI HIND!"

What Is The Adani-Hindenburg Case?- The Securities & Exchange Board of India has cleared the Adani Group and its billionaire founder Gautam Adani of some allegations of impropriety raised by the US short seller Hindenburg Research in early 2023.

There is no evidence that the Indian conglomerate used the so-called related party transactions to route funds into its listed units, SEBI said in two separate orders published on its website on Thursday. Ahmedabad, Gujarat-based Adani Group had repeatedly denied the allegations first made by Hindenburg Research in January 2023. The regulator's investigation was related to allegations made by Hindenburg that Adicorp Enterprises Pvt. Ltd., Milestone Tradelinks Pvt. Ltd. and Rehvar Infrastructure Pvt. Ltd. were used as a conduit to route funds from various Adani Group companies to fund publicly listed Adani Power Ltd.

# Apple iPhone Air review: A solid statement now, and slim enough to be the future



**NEW DEIHI, (Agency).** In Apple's 2025-26 scheme of all things iPhone, and it is a significant collective step forward generationally, the one that matters most is their slimmest iPhone yet. At 5.6mm, the iPhone Air has flaunt value that only the newest iPhone 17 Pro and 17 Pro Max can match, is thinner than the phone many with an Android enthusiasm will point to (the Samsung Galaxy S25 Edge that's 5.8mm), and isn't a compromise that many expected. In fact, as I had noted, this may well be a glimpse at one half of what'll essentially make up the foldable iPhone, expected next year. For now, it replaces the erstwhile iPhone 16 Plus, albeit at a very different price point — ₹1,19,900 onwards.

There is some tech wizardry, which Apple engineers must be credited for, considering how a 6.5-inch iPhone Air is holding up to the pressures of real world usage. For starters, visualise an entire phone worth of components essentially packed behind the camera bar as you see it on the back. The rest of it below, is all battery. To be able to fit everything including an A19 Pro chip, neural engine, image processing, the antennas and more, and even the cooling mechanism, in such small real estate and yet for the iPhone Air to not feel top heavy, is quite simply a work of art.

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक